हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 13 दिसंबर 2025

04 त्योंढा स्वास्थ्य केन्द्र में अव्यवस्था पर जताई ...



07 अब 31 से बढ़ सकती है ठंड, पारा 8 से 10 डिग्री पर...





## खबर संक्षेप

### प्रभारी मंत्री लखन पटेल आज आएंगे

**विदिशा।** प्रभारी मंत्री लखन पटेल आज विदिशा जिले में होने वाले अनेक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। वह



सुबह 9.45 बजे भोपाल से रवाना होकर 11 बजे विदिशा पहुंचेंगे। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में जिला विकास सलाहकार समिति की परिचयात्मक बैठक में शामिल होंगे। इसके बाद राज्य सरकार की दो वर्षीय उपलब्धियों पर आधारित पत्रकारवार्ता में दोपहर 12 बजे उपस्थित रहेंगे। दोपहर 12.30 से 1.30 बजे तक का समय आरक्षित रहेगा। इसके बाद विदिशा से सांची के लिए रवाना होंगे।

### लोक अदालत आज

**विदिशा।** प्रधान जिला न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष शेख सलीम के मार्गदर्शन में आज नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसका शुभारंभ सुबह 10.30 बजे जिला न्यायालय परिसर में होगा। सचिव नितेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि लोक अदालत के लिए 34 खंडपीठें गठित की गई हैं, जिनमें 14,277 प्री-लिटिगेशन तथा 1 हजार 43 लंबित प्रकरणों की सुनवाई होगी। संपत्ति कर, जल कर और बैंक मामलों में विशेष छूट के साथ त्वरित, सौहार्दपूर्ण और कम खर्च में प्रकरणों के निपटारे पर जोर रहेगा।

### रंगई पुल पर आज किया जाएगा श्रमदान

**विदिशा।** रंगई पुल के संरक्षण के लिए प्रति शनिवार चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दूसरे शनिवार को सुबह 7.30 बजे श्रमदान किया जाएगा। श्रमदानियों ने अपील की है कि रगंई पुल हमारे लिए किसी विरासत से कम नहीं है। इसलिए शहर के सभी सामाजिक संगठन और श्रमदानी अधिक से अधिक संख्या में श्रमदान कार्यक्रम में शामिल होकर सहयोग करें।

### गणना पत्रक जमा करने की तारीख बढ़ी

**विदिशा।** जिले में स्पेशल समरी रिवीजन (एसआईआर) के तहत गणना पत्रक जमा करने की अंतिम तिथि अब 18 दिसंबर कर दी गई है। यह दूसरा विस्तार है, जिससे मतदाताओं को अपने विवरण संशोधित करने के लिए अतिरिक्त समय मिल सकेगा। बीएलओ घर-घर जाकर गणना पत्रकों का सत्यापन और त्रुटियों का सुधार कर रहे हैं। जिले में मतदाता सूची का डिजिटाइजेशन पूर्ण है, लेकिन 18 हजार 632 मतदाता अभी भी 'नो मैपिंग' श्रेणी में हैं, जिनके पते संबंधित मतदान केंद्र से लिंक नहीं हो पाए हैं। इनमें सबसे अधिक 11 हजार से अधिक मामले विदिशा विधानसभा क्षेत्र में दर्ज किए गए हैं।

### आहार अनुदान योजना में विदिशा प्रदेश के 55 जिलों में हुआ सम्मिलित

**विदिशा।** मप्र शासन द्वारा विशेष पिछड़ी जनजातियों बैगा, भारिया तथा साहरिया के हित में चलाई जा रही आहार अनुदान योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला विदिशा को प्रदेश के 55 जिलों में शामिल किया गया है। इस योजना का उद्देश्य विशेष पिछड़ी जनजातियों के परिवारों को खाद्य सुरक्षा प्रदान करना है। योजना के तहत हितग्राहियों को प्रति परिवार प्रति माह 1500 का आहार अनुदान प्रदान किया जाएगा, जिससे उनके पोषण स्तर में सुधार हो सके।

### नलकूप खनन पर 40 हजार तक अनुदान

**विदिशा।** अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के किसानों के लिए नलकूप खनन योजना में अधिकतम 40 हजार रुपए तक का अनुदान दिया जाएगा। इसमें 25 हजार रुपए नलकूप खनन तथा 15 हजार खनन पर पंप स्थापना के लिए मिलेंगे। योजना का लाभ निजी भूमि वाले वही किसान ले सकेंगे जिनके खेत से 300 मीटर के दायरे में कोई अन्य नलकूप न हो। विकासखंड के कृषि विभाग कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं।

## इतनी जल्दबाजी ठीक नहीं ...जान जोखिम में डालकर रेलयात्री कर रहे पटरियां पार

**गंजबासौदा।** रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार की शाम करीब चार बजकर 10 मिनट पर भोपाल से चलकर बीना की ओर जाने वाली मेमो ट्रेन प्लेटफार्म नंबर 2 पर आई ओर खड़ी होते ही यात्री इस तरह से अपनी जान जोखिम में डालकर पटरिया पार करते नजर आए। जिस ट्रैक से 130 किलोमीटर की स्पीड से ट्रेन गुजरती है उस ट्रैक को बिना खौफ के पार कर रहे यात्री अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। रेलवे प्रबंधन यात्रियों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखता है रेलवे फुट ओवर ब्रिज भी लगभग सभी स्टेशनों पर बना रखे हैं। उसके बावजूद भी यात्री यह लापरवाही क्यों करते हैं। -फोटो राजा छारी





### 31वें दिन भी जारी रहा पार्षदों का अनिश्चितकालीन धरना, कई महिला पार्षद भी आगे आईं

## धरने पर बैठे पार्षदों का फिर बढ़ने लगा समर्थन नपा उपाध्यक्ष और संदीप डोंगर सिंह शामिल हुए

**विधायक की चर्चा के बाद भी उठने तैयार नहीं पार्षद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



अपनी मांगों को लेकर गांधी प्रतिमा नीमताल पर धरना दे रहे पार्षदों अब कमजोर होने की जगह फिर से मजबूत होते नजर आने लगे हैं।

हालांकी धरना दे रहे पार्षदों की लगभग सभी मांगों पर सहमति बन चुकी है। लेकिन पार्षदों की मांग है कि जब लिखित में उनकी मांगों को नहीं माना जाएगा तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। इसके साथ ही पार्षद इस मांग पर भी अड़े हुए हैं कि सड़कों का निर्माण धरना समाप्त करने के पहले चालू होना चाहिए। धरना चलते रहने के 30वे दिन गुरुवार को नपा उपाध्यक्ष संजय दिवाकीर्ति पार्षदों के साथ नजर आए तो वहीं शुक्रवार को 31वे दिन भाजपा नेता संदीप डोंगर सिंह भी गांधी प्रतिमा पहुंचे और करीब 1 घंटे तक धरने में शामिल हुए। एक माह से धरने पर बैठे पार्षद प्रतिनिधि धर्मेन्द्र सक्सेना के अनुसार गुरुवार को महिला पार्षद शामिल रहीं। जिनमें वार्ड 23 की पार्षद संगीता सक्सेना, वार्ड 23 की पार्षद लीना कुशवाह, वार्ड 34 की पार्षद संध्या लोधी, वार्ड 31 की पार्षद मालती यादव सहित वार्ड 13 की पार्षद सविता जाट धरने पर बैठे रहीं। एक दिन पहले नपा उपाध्यक्ष के अलावा पार्षद कौशल अहिरवार और अखिलेश राजपूत भी धरने में शामिल हुए थे।

### विधायक कर चुके प्रयास

विधायक मुकेश टंडन धरनास्थल पर पहुंचकर पार्षदों से चर्चा कर धरना समाप्त कराने का प्रयास कर चुके हैं।

कुछ मांगों को मान भी लिया गया है लेकिन पार्षदों की हट है कि सड़कों का कार्य चलाया कराया जाए तभी प्रदर्शन करना बंद करेंगे। हालांकी इस संबंध में नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने भी प्रयास शुरु कर दिए हैं।

### पार्टी, संगठन, सरकार और प्रशासन भी मौन

पार्षदों को धरना देते हुए 31 दिन बीत चुके हैं लेकिन हैरत की बात है कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा इसे जरा भी गंभीरता से नहीं लिया गया। नाराज पार्षदों को मनाने क लिए जिला भाजपा के द्वारा कोई प्रयास किया गया हो ऐसा एक भी कदम नहीं उठाया जा सका है। इसके अलावा संगठन के द्वारा भी कोई हस्तक्षेप नहीं किया गया। प्रदेश सरकार के नगरीय प्रशासन मंत्री से लेकर जिले के प्रभारी मंत्री और प्रशासनिक स्तर से कोई प्रयास नजर नहीं आए। धरने को समाप्त कराने के लिए तहसीलदार और एसडीएम स्तर के अधिकारी तक धरनास्थल पर आश्वासन देने तक नहीं पहुंचे।

## डीएनए टेस्ट के लिए पुलिस ने चारों बच्चों का ब्लड सेंपल लिया, 15 दिन में आएगी रिपोर्ट

**मानव तस्करी: प्लेटफार्म नंबर 1 से तीन साल की बच्ची गायब होने के बाद पुलिस ने 4 आरोपी किए थे गिरफ्तार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

फॉलोअप

मासूम बच्चों की रेकी के बाद उनका अपहरण करने वाले एक ही परिवार के 4 लोगों को शमशाबाद क्षेत्र से गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। 3 दिन पहले आरोपियों के कब्जे से 3 साल से लेकर 11 साल तक की उम्र के 4 बच्चे बरामद किए गए थे।

शुक्रवार को पुलिस ने महिला आरोपी हरिबाई और 4 बच्चों का डीएनए सेंपल लिया है। सेंपल को जांच के लिए भेजा जा रहा है। 10 से 15 दिन में जांच रिपोर्ट आने के बाद यह साफ हो सकेगा की यह बच्चे हरिबाई के हैं या उन्हे अगवा कर लाया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में अर्जुन सिंह पाल, उम्र 45 साल निवासी डेकपुरा थाना बैरसिया, उसकी पत्नी हरिबाई, उम्र 35 साल, बेटा रवि पाल, उम्र 21 साल और भांजा जितेंद्र पाल उम्र 30 साल निवासी रुसल्ली थाना शमशाबाद में से दो आरोपी हरिबाई और उसके पति अर्जुन सिंह को 5 दिन के रिमांड पर लिया गया है। बच्चों को बाल गृह भेजा गया है। पुलिस इस दिशा में भी काम कर रही है कि आरोपियों का अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी गिरोह से संबंध हो सकता है।

## धीरगढ़ पंचायत मामला: 3 वेंडरों को किया था करोड़ों का भुगतान

**भ्रष्टाचार की हद: 30 बिंदुओं पर जांच के लिए एसडीएम लटेरी ने गठित की थी टीम, करोड़ों का हुआ भ्रष्टाचार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

फॉलोअप

जनपद पंचायत लटेरी अंतर्गत धीरगढ़ पंचायत के सचिव कन्हैया लाल शर्मा और सरपंच लाखन सिंह लोधी ने मिलकर करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार किया था। इसी भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए जनपद पंचायत के उपयंत्री रामगोपाल यादव ने रिश्वत की मांग की थी।

फर्जी बिलों के साथ की गई शिकायत के बाद लटेरी एसडीएम ने जांच के लिए टीम गठित थी। ग्रामीणों ने करीब 30 बिंदुओं पर जांच कराने की मांग की और पूरे सबूत भी मुहैया कराए थे। इसके बाद भी उपयंत्री घूस खाने की फिराक में था जिसे लोकायुक्त पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिन बिंदुओं पर जांच की मांग की गई थी। उनमें ग्राम पंचायत धीरगढ में अजीम ट्रेडर्स के नाम पर संपूर्ण बिलों का भुगतान हुआ है अजीज खान के नाम पर भी राशि का आहरण किया गया। मंसूरी स्टोन क्रेशर के बिलों की जांच कराई जाए की मांग की गई थी। वही मंसूरी स्टोन क्रेशर, अजीम ट्रेडर्स, अजीज खान यह तीनों वेंडर एक ही परिवार के हैं।

लटेरी जनपद की ग्राम पंचायतों से इनके खातों में लगभग पांच करोड़ का भुगतान हुआ। तीनों वेंडर की वाणिज्य कर विभाग इनकम टैक्स से जांच कराने की मांग की गई थी। इसके अलावा मंसूरी स्टोन क्रेशर के नाम से लटेरी जनपद की ग्राम पंचायतों में गिट्टी के करोड़ों के बिल लगाए गए। इन बिलों पर क्या सरकार को जीएसटी दी गई। खनिज विभाग से कितनी खुदाई की परमिशन ली गई है और इनके द्वारा कितनी खुदाई की गई है। सहित अन्य बिंदुओं को जांच में शामिल किया गया था।

## कर्मचारियों ने नियमितीकरण वेतन वृद्धि और पदोन्नति सहित 15 मांगों का ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ अपनी 15 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी चरणबद्ध आंदोलन कर रहा है। शुक्रवार को विदिशा के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने विधायक मुकेश टंडन के निवास पर पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

संघ की प्रमुख मांगों में कर्मचारियों के लिए वेतन वृद्धि, पदोन्नति, पदस्थापन और नियमितीकरण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल हैं। लघु वेतन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष मुकेश मालवीय के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कर्मचारी कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी 55 जिलों में एक साथ ज्ञापन सौंपकर सरकार का ध्यान कर्मचारियों की समस्याओं की ओर आकर्षित किया जा रहा है।

संघ की विस्तृत मांगों में स्थाईकर्मी कर्मचारियों को नियमित का दर्जा देना, दैनिक वेतनभोगियों को वरिष्ठता का लाभ प्रदान करना, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को शासकीय कर्मचारी घोषित करना और ग्राम रक्षकों को नियमित सेवा का दर्जा देना शामिल है। इसके अतिरिक्त, आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए एक आयोग के गठन की भी मांग की गई है।

## आरटीओ ने बिना इंश्योरेंस व पीयूसी के दौड़ रहे 25 वाहनों को जब्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



जिला परिवहन कार्यालय गिरिजेश वर्मा ने शुक्रवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना वैध दस्तावेजों के चल रहे 25 से अधिक वाहनों को जब्त किया गया।

जिला परिवहन अधिकारी स्वयं मौके पर मौजूद रहकर कार्रवाई का नेतृत्व कर रहे थे। अधिकारियों के अनुसार, अभियान का मुख्य उद्देश्य इंश्योरेंस और प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण-पत्र की जांच करना था। कई वाहन चालक इन अनिवार्य दस्तावेजों को अपडेट नहीं रखते हैं, जिससे दुर्घटना की स्थिति में बीमा लाभ नहीं मिल पाता। सरकार ने इस संबंध में विशेष सख्ती के निर्देश दिए हैं। चेकिंग के दौरान 25 से अधिक वाहनों में आवश्यक कागजात नहीं पाए गए। इन सभी वाहनों को जब्त कर आरटीओ परिसर में खड़ा कराया गया है। कार्रवाई देख कई चालक दूर से ही अपनी गाड़ियां वापस मोड़ते दिखे। अब तक वाहन चेकिंग और चालानी कार्रवाई के माध्यम से 25 लाख रुपए से अधिक का जुर्माना वसूला जा चुका है।

## विधायक मीणा ने 288.96 लाख की सड़का का भूमिपूजन किया



**नटेरन।** शुक्रवार को शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने भूमिपूजन किया। ग्राम रजोदा में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत ग्राम ऐचदा मार्ग लंबाई 3.20 किमी का निर्माण कार्य 288.96 लाख की लागत से किया जाएगा। ग्राम रजोदा में ही 25 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भी विधायक द्वारा भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर मौजूद ग्रामीणों से भी विधायक ने चर्चा की और ग्राम विकास के क्रम में उनके सुझाव लेकर आगामी कार्य योजना में जोड़कर शीघ्र ही कार्यो को पूरा कराने का आश्वासन दिया।

## बाल विवाह के दुष्परिणाम बताए

**विदिशा।** जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा के मार्गदर्शन में बाल विवाह मुक्त भारत के 100 दिवसीय सघन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल ग्यारसपुर और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हैदरगढ़ में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। बाल विवाह रोकथाम प्रभारी मुकेश ताम्रकार ने बाल विवाह के दुष्परिणामों, संबंधित अधिनियम की धाराओं तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी दी और छात्रों को सामूहिक शपथ दिलाई। सहायक सांख्यिकी अधिकारी एडी डंगवाल ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ व बालिका शिक्षा का महत्व बताया, जबकि सेक्टर पर्यवेक्षक सोनू प्रजापति ने पोषण जागरूकता दी।

### खाटू श्याम मंदिर में चल रहा चार दिवसीय वार्षिकोत्सव

## खाटू श्याम को सभामनी का भोग लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



खाटू श्याम मंदिर का सातवां वार्षिक उत्सव शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। सुबह 9 बजे गणेश पूजन के साथ वार्षिकोत्सव शुरू हुआ।

इसके बाद संतोष शास्त्री के सानिध्य में गणेश भगवान, लड्डू गोपाल बाबा श्याम और शिव जी का अभिषेक किया गया। इसके बाद सभामनी का भोग लगाया गया। वार्षिकोत्सव के द्वितीय दिवस में आज सर्वप्रथम सामूहिक सत्यनारायण भगवान की कथा होगी। इसके बाद 11 बार सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ होगा इसके उपरांत दोपहर 12 बजे से श्याम नाम की मेहंदी का आयोजन होगा। जिसमें हजारों की संख्या में महिलाएं एक दूसरे के हाथों में मेहंदी लगाएंगीं।

हाथों में लगाने के लिए मेहंदी के कोण की व्यवस्था मंदिर समिति ने की है। श्याम मित्र मंडल विदिशा के अध्यक्ष घनश्याम बंसल ने श्याम भक्तों से चार दिवसीय वार्षिक उत्सव में सम्मिलित होने की अपील की है।



विदिशा। मंदिर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों की संख्या में महिलाएं मंदिर परिसर में मौजूद रहीं।

सोलर लगवाएं और बिजली बिल से मुक्ति पाएं...

विदिशा सोलर



78,000/- सब्सिडी

100% फायनेंस सुविधा

विदिशा: सरदार सिंह रघुवंशी 9826024615, प्रतोष किरार 7974337170

बासौदा: यशवंत दांगी 7983377833

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2210
उच्चतम भाव-4780
सरसों
न्यूनतम भाव-4500
उच्चतम भाव-7810
चना
न्यूनतम भाव- 3000
उच्चतम भाव- 5190
मसूर
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-7500
ज्वार
न्यूनतम भाव-1200
उच्चतम भाव-5810
मक्का
न्यूनतम भाव-1120
उच्चतम भाव- 1672
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-3450
धान
न्यूनतम भाव-1200
उच्चतम भाव-3450
गेंहू
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-3001
उड़द
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-5670
मूंग
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-5400
धनिया
न्यूनतम भाव-6760
उच्चतम भाव-7000

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 38623 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### बिजली प्रदाय रहा बंद

**गंजबासौदा।** विद्युत वितरण कंपनी द्वारा राजेन्द्र नगर फीडर पर विभागीय निर्माण किए जाने के चलते शुक्रवार को सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक क्षेत्र में बिजली प्रदाय बंद रखा गया। जिससे विद्युत उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। यहां उल्लेखनीय हे कि नगर के अलग अलग क्षेत्रों में विद्युत कंपनी द्वारा दिन एवं रात्रि के अघोषित रुप से बिजली की कटौती की जा रही है। जिससे नगरवासियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों ने विद्युत कटौती बंद करने की मांग की है।

### बैठक सोमवार को

**गंजबासौदा।** आल प्रगतिशील पेन्शनर वैलफेयर एसोशियन के प्रान्ताध्यक्ष सुधीर दुबे ने विज्ञप्ति में बताया कि दिनांक 15 दिसंबर सोमवार को प्रातः 11 बजे बासौदा कुरवाई त्योंदा के पेन्शनरों की बैठक बाकडे हनुमान मंदिर नौलखी रोड दुबे फॉर्म हाउस पर रखी गई है। दुबे ने बताया कि इस बैठक में 3 प्रतिशत मंहगाई भत्ता पेन्शनर की मृत्यु पर 1 लाख 25 हजार अनुगृह राशि पेन्शनर के बेरोजगार अल्प वेतन बच्चों को पीले राशन कार्ड की सुविधा 27 माह के ऐरियर भुगतान 30 जून एवं 31 दिसम्बर को सेवा निवृत कर्मचारियो को एक वेतन वृद्धि का लाभ ऐरियर आदि को लेकर आन्दोलन की रूप रेखा तय होगी।

# वाहन पार्किंग होने के बाद भी स्कूल के बाहर खड़े होते वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



काला बाग क्षेत्र में स्थित एक स्कूल की लापरवाही से नागरिकों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल भवन के आगे और पीछे खाली जमीन मौजूद है, फिर भी वहां खेती की जा रही है। स्कूल प्रबंधन बच्चों को लाने और छोड़ने के लिए मुख्य सड़क पर ही वाहनों की पार्किंग करवा रहा है। इससे हर दिन दोपहर 1 बजे के बाद सड़क जाम हो जाती है। लोगों ने बताया कि सड़क पर ऑटो रिक्शा और दोपहिया वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। यह मार्ग सीधे कृषि उपज मंडी की ओर जाता है। वहां से किसानों के ट्रैक्टर-ट्रॉली लगातार गुजरते हैं। इससे ट्रैफिक का दबाव और बढ़ जाता है। कई बार जाम इतना ज्यादा हो जाता है कि लोग जरूरी काम से भी बाहर नहीं निकल पाते। नागरिकों ने आरोप लगाया कि स्कूल भवन के पास पर्याप्त जमीन है। प्रशासन ने उसे पार्किंग में बदलने के निर्देश भी दिए हैं। इसके बावजूद स्कूल प्रबंधन ने सड़क को ही पार्किंग बना दिया है। यदि कोई हादसा होता है तो पूरी जिम्मेदारी स्कूल प्रबंधन की होगी। दोपहर के समय स्कूली बच्चे भीड़ और वाहनों के बीच ऑटो और अभिभावकों के वाहन खोजते हुए सड़क पर भटकते हैं। बगल से ट्रैक्टर-ट्रॉली गुजरते हैं। यह स्थिति कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि स्कूल परिसर के पीछे की खाली जमीन को तुरंत पार्किंग में बदला जाए। ताकि रोजाना की अव्यवस्था और खतरे से राहत मिल सके। लोगों ने कहा कि अगर कोई हादसा होता है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी स्कूल प्रबंधन की होगी। इस संबंध में यातायात प्रभारी निरपत सिंह लोधी का कहना है पार्किंग को लेकर स्कूल प्रबंधनों को नोटिस दिए जा रहे हैं। इसके बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने त्योंदा, बागरोद क्षेत्र में किया भ्रमण

# त्योंदा स्वास्थ्य केन्द्र में अव्यवस्था पर जताई नाराजगी, कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा






कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शुक्रवार को त्योंदा तहसील क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का विस्तृत भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान कलेक्टर अंशुल गुप्ता ग्रामीणों व स्वसहायता समूहो की महिला दीदीयों के बीच पहुंचे और उनसे सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं, योजनाओं की स्थिति और आवश्यक सुविधाओं के बारे में पूछा।

अपने भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने बागरोद कृषि उपज मंडी का निरीक्षण कर किसानों की बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली। किसानों से उपज तौल, खरीदी व्यवस्था एवं भुगतान से संबंधित समस्याएं पूछीं। साथ ही मंडी कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए। वहीं बूढ़ी बागरोद पहुंचकर ग्रामीण संस्थाओं की स्थिति जानी और आंगनवाड़ी केंद्र एवं बच्चों के पोषण आहार, उपस्थित बच्चों की संख्या, टीकाकरण एवं गर्भवती महिलाओं को प्रदाय सेवाओं की समीक्षा की। आंगनबाडी व शासकीय उचित मूल्य दुकान, पंचायत भवन परिसर में ही संचालित किए जाएं। शासकीय विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों की उपस्थिति, शिक्षकों की उपलब्धता, मध्यान्ह भोजन तथा शिक्षण-सामग्री का अवलोकन किया। बागरोद में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान का भी निरीक्षण किया। कस्बा बागरोद में 9 बीघा अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराकर बनाए गए शांतिधाम का भी अवलोकन किया। नया गांव टप्पा में पहुंचकर पीएम जनमन योजना के तहत संपादित किए गए कार्यों की जानकारी ली गई। इसके बाद कलेक्टर ने त्योंदा तहसील कार्यालय का निरीक्षण करते हुए राजस्व प्रकरणों की प्रगति की जानकारी ली। कर्मचारियों की उपस्थिति एवं सेवा वितरण की व्यवस्था की भी समीक्षा की। त्योंदा में ही कलेक्टर अशुंल गुप्ता ने त्योंदा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का भ्रमण कर स्वास्थ्य केन्द्र के माध्यम से प्रदाय स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने विभिन्न वार्डो का भ्रमण किया। संतोषजनक प्रगति परलिक्षित नहीं होने पर संबंधितों को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा.रामहित को मौके पर दिए गए। इस अवसर पर एसडीएम संतोष बिटौलिया भी मौजूद रहे।

# श्री रामलीला मेला समिति सदस्यों की बैठक आयोजित, तैयारियों पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शुक्रवार को नगर पालिका में आगामी श्रीरामलीला मेले की तैयारियों के संबंध में मेला समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, ने मेला अध्यक्ष पार्षद भारती सरदार अहिरवार एवं सभी सहयोगी सदस्यों पार्षद सौदान सिंह यादव, मूलचंद अहिरवार, नारायण सोनी, संजय भावसार, नीलू चौबे, अंशलेखा रोहित भावसार, सुनील साहू, धर्मेंद्र कुशवाहा, शुभम रघुवंशी के साथ बैठक कर मेले की तैयारियों की रूपरेखा तय की और व्यवस्थाओं पर चर्चा की। बैठक में इस बार मेले को आकर्षक और भव्य स्वरूप में आयोजित करने, लोगों के मनोरंजन की पूरी व्यवस्था रखने, सुरक्षा, पार्किंग, दुकानें आवंटन, दुकानदारों की सुविधाएं आदि पर चर्चा की गई। इस अवसर पर नपाध्यक्ष ने मेला समिति अध्यक्ष सहित सभी समिति सदस्यों का भी अभिनंदन किया।

# नेत्र शिविर का किया आयोजन



**गंजबासौदा।** स्थानीय मिल रोड स्थित सद्गुरु विजन सेंटर पर स्व. श्री नारायण सदाशिव सेवा संस्थान के सहयोग से निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर स्व गंगाधर राव मुले एवं सुमन मुले की पुण्य स्मृति में सेवा दिवस के रूप में लगाया गया। शिविर में डॉ. राजकरण वर्मा ने 186 से अधिक मरीजों की नेत्र जांच की और नेत्र रोगों से बचाव के उपाय बताए। 85 से अधिक मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए।

23 मरीजों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। कैंप प्रभारी वर्मा के निर्देशन में काउंसलिंग टीम के द्वारा 23 चश्मों का वितरण किया गया। ट्रस्ट ने 49 मरीजों को दवाइयां वितरित कीं। 29 मरीजों के चश्मे के नंबर निकाले। मरीजों की बीपी और शुगर जांच भी की गई। शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि ऐसे नेत्र शिविर ट्रस्ट के रवि उपाध्याय के मार्गदर्शन में और सद्गुरु स्वर्गीय श्री रणछोड़दास महाराज की कृपा से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर लगाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में समाज सेवी गणेशराम रघुवंशी, डॉ. ए. के. जैन, डॉ. राजकरण वर्मा,जगदीश अग्रवाल रामबाबू राजपूत रामकुमार शर्मा साहूजी पूजा विश्वकर्मा , संजीव शर्मा और देवेंद्र रघुवंशी (देबू) सहित कई समाजसेवी उपस्थित रहे।

# हार्ट फुलनेस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सामूहिक ध्यान का अभ्यास कराया



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

स्थानीय सेंट एसआरएस पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में श्री रामचंद्र मिशन की ध्यान साधिकाओं द्वारा हार्ट फुलनेस कार्यक्रम के तहत स्कूल के छात्र-छात्राओं को सामूहिक ध्यान का अभ्यास कराते हुए ध्यान के माध्यम से आध्यात्मिक चेतना को जाग्रत करने का प्रयास किया गया। हार्टफुलनेस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए संस्था की साधिकाओं पूनम शर्मा, संगीता साहू, सरिता भावसार एवं नंदिनी साहू ने छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के दौरान ध्यान के माध्यम से एकाग्रता व स्मरणशक्ति बढ़ाने के गुर बताए। साथ ही ध्यान के अन्य लाभ एवं शारीरिक और मानसिक सक्षमता बढाने की बात भी बताई। 21 दिसम्बर को विश्व मेडीटेशन दिवस पर रामचंद्र मिशन की हार्टफुलनेस द्वारा ध्यान के प्रयोग कार्यक्रम किया जा रहा है। उपस्थितों को बताया गया कि इस कार्यक्रम की लिंक खोलकर वे ही नहीं पूरे विश्व के लोग ध्यान के प्रयोग में शामिल हो सकते हैं। इस दौरान संस्था प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने भी जीवनचर्या में ध्यान व योग को शामिल करने का आह्वान किया। संस्था की छात्राओं द्वारा अतिथियों का तिलक से अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य रजनी गुप्ता, कोऑर्डिनेटर प्रियंका अग्रवाल, एनएसएस अधिकारी कृष्ण पाल सिंह चौहान सहित शिक्षक परिवार मौजूद रहा।

# किसानों की समस्याओं को लेकर युवा कांग्रेस ने त्योंदा में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



शुक्रवार को युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने त्योंदा क्षेत्र के किसानों की समस्याओं एवं अन्य परेशानियों को लेकर कलेक्टर के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार रितु राय को सौंपा। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में कांग्रेसजनों एवं किसानों ने त्योंदा में रैली निकाली और धरना प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि त्योंदा क्षेत्र के किसानों को इस समय खेतों में अपनी फसलों की बढ़ोतरी के लिए यूरिया और डीएपी की सख्त आवश्यकता पड़ रही है, परंतु किसान यूरिया डीएपी के लिए किसान टोकन बुक कराने के बाद भी वेयर हाउस और सोसायटियों के चक्कर लगाकर परेशान हैं और उन्हें यूरिया और डीएपी नहीं मिल पा रहा है।

ऐसे में उनकी फसलों की स्थिति खराब हो रही है। वहीं किसानों को अपने खेतों में सिंचाई के लिए 10 घंटे लगातार बिजली देने का वादा प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा किया गया था, परंतु किसानों को मुश्किल से दिन में 3 घंटे और रात को 1 घंटे भी बिजली नहीं मिल पा रही है, कभी फाल्ट के नाम पर तो कभी मेंटेनेंस के नाम पर विद्युत आपूर्ति प्रभावित की जा रही है। तत्काल विद्युत की इस विकराल समस्या को खत्म किया जाए और किसानों को दिन में एक साथ 10 घंटे बिजली दी जाए। यदि किसान को किसानी का कार्य करते समय यदि कोई दुर्घटना होती है तो उसका मुआवजा भी किसान को दिया जाए, वन क्षेत्र में पेड़ों की कटाई पर रोक लगाई जाए जिससे पर्यावरण संरक्षण हो सके। ज्ञापन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा है कि यदि उक्त मांगों पर तत्काल सुधार नहीं होता है तो युवक कांग्रेस द्वारा त्योंदा में एक बड़ा आंदोलन किसानों के समर्थन में किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की रहेगी। इस मौके पर किसान कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष बहादुर सिंह दांगी, राजेश माहेश्वरी, संतोष शर्मा, गजेन्द्र सिंह, भूपेन्द्र सिंह, दुर्गसिंह, गौरव दुबे, रूपेश दुबे, हेमराज, राकेश सहित बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान मौजूद थे।


# नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज




**गंजबासौदा।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकर जबलपुर के आदेश के पालन में 13 दिसंबर को न्यायालय परिसर बासौदा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है, जिसका शुभारंभ हरप्रसाद वंशकार अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति गंजबासौदा द्वारा किया जावेगा। उक्त आयोजित नेशनल लोक अदालत में आपराधिक शमनीय प्रकरण, परकाम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले, एमएसीटी प्रकरण मोटर दुर्घटना, क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, विद्युत एवं जल कर/बिल संबंधी प्रकरण एवं अन्य समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य प्रीलिटिगेशन एवं न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को निराकरण किया जायेगा। आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु हरप्रसाद वंशकार अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति गजबासौदा द्वारा अध्यक्ष/ सचिव अभिभाषक संघ एवं समस्त अधिवक्तागण से राजीनामा के आधार पर अधिक से अधिक प्रकरणों को निराकृत कराये जाने की अपेक्षा की गयी। ताकि आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक पक्षकारों को लाभान्वित किया जा सके।

## 69वीं राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में लेंगी भाग

# नवांकुर, डॉल्फिन की तीन छात्राएं लखनऊ रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नवांकुर डॉल्फिन की तीन छात्राएं राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने लखनऊ रवाना हुईं। 69 वीं राष्ट्रीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में दिनांक 13 से 17 दिसंबर तक किया जा रहा है। 17 वर्ष से कम आयु वर्ग की इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए नवांकुर की दो छात्राऐं तथा डॉल्फिन स्कूल की एक छात्रा लखनऊ पहुंच गई है।

इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में नवांकुर विद्यापीठ की छात्रा वैष्णवी शर्मा हैमर थ्रो, निशिका रघुवंशी डिस्कस थ्रो तथा डॉल्फिन की छात्रा पीहू रघुवंशी डिस्कस थ्रो में मध्य प्रदेश का नेतृत्व करेंगी। इसके पूर्व 26 से 30 नवंबर तक हरियाणा के भिवानी में 19 वर्ष से कम आयु वर्ग की राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें विद्यालय के तीन छात्र दर्शन शर्मा ने डिस्कस थ्रो, जसराज नायक ने ट्रिपल जंप व निमिषा तिवारी ने हैमर थ्रो में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया था। उल्लेखनीय है कि 17 वर्ष से कम आयु वर्ग के विद्यार्थियों की राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन भोपाल में किया गया था, जहॉं उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए वैष्णवी शर्मा ने हैमर थ्रो में, पीहू रघुवंशी ने डिस्कस थ्रो में स्वर्ण पदक तथा निशका रघुवंशी ने डिस्कस थ्रो में रजत पदक प्राप्त कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुरक्षित किया था। जबकि 19 वर्ष से कम आयु वर्ग की राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन सागर में किया गया था जिसमें दर्शन शर्मा ने डिस्कस थ्रो में स्वर्ण पदक, जसराज नायक ने ट्रिपल जंप और निमिषा तिवारी ने हैमर थ्रो में रजत पदक प्राप्त किया था। विद्यालय के उपर्युक्त छह विद्यार्थियों ने क्रीड़ा प्रभारी विजय शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए स्थान सुनिश्चित किया था। नवांकुर और डॉल्फिन विद्यालय ने छात्राओं को शुभकामनाऐं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# रामानंदाचार्य जगदगुरु डॉ. राम कमलाचार्य वेदांती का नगर आगमन आज, आध्यात्मिक मार्गदर्शन देंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



सनातन, वेदांत परंपरा के तेजस्वी आलोक, काशीपीठ के अधिष्ठाता, वेदांत दर्शन के प्रखर प्रवक्ता, संस्कृत विद्यालय वेदांत आश्रम के संस्थापक, अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक एवं काशी पीठाधीश्वर रामानंदाचार्य जगदगुरु डॉ. राम कमलाचार्य वेदांती महाराज का 13 दिसंबर शनिवार को नगर में शुभागमन हो रहा है। उनके आगमन की सूचना से वेदांत आश्रम में आध्यात्मिक उल्लास और भक्ति का विशेष वातावरण है। जगद्गुरु डॉ वेदांती जी 13 एवं 14 दिसंबर को जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम में भक्तों, श्रद्धालुओं एवं साधकों के बीच सत्संग, आध्यात्मिक मार्गदर्शन और वेदांत विमर्श प्रदान करेंगे। वेदांत आश्रम के महंत हरिहर दास महाराज ने बताया कि जगदगुरु डॉ वेदांती 13 व 14 दिसंबर को जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम में प्रातः 9 बजे सत्संग के लिए विराजमान रहेंगे, जहाँ वे भक्तों को सत्संग, उपदेश एवं धर्ममार्ग का प्रकाश प्रदान करेंगे। 14 दिसंबर को वेदांती जी महाराज उदयपुर में होने वाले हिंदू सम्मेलन में भी सहभागिता कर मुख्य वक्ता के रूप में, सम्मेलन को संबोधित करेंगे। जहाँ वे हिंदू समाज की एकता, सनातन संस्कृति के संरक्षण और राष्ट्रधर्म की मर्यादा पर ओजस्वी मार्गदर्शन देंगे। वही 14 दिसंबर को डॉ वेदांती जी महाराज उदयपुर में आयोजित हिंदू सम्मेलन में भी सहभागिता करेंगे, जहां वे सनातन संस्कृति, राष्ट्रधर्म और वैदिक जीवन के आदर्शों पर अपना उद्बोधन देंगे। आश्रम में जो श्रद्धालु रामानंदाचार्य भगवान की पादुका पूजन कर धर्मलाभ प्राप्त करना चाहते हैं, वे सुबह 9 बजे वेदांत आश्रम पहुंचकर इस सौभाग्य का लाभ उठा सकते हैं। नगर में महाराजश्री के आगमन को लेकर भक्तों में अपार हर्ष है।

### उदयपुर में 14 दिसंबर को होगा भव्य हिंदू सम्मेलन

**गंजबासौदा।** सनातन संस्कृति की ध्वजा एक बार फिर नीलकंठेश्वर की पावन भूमि उदयपुर में फहरने को तैयार है। 14 दिसंबर, रविवार को आयोजित होने जा रहा भव्य हिंदू सम्मेलन नगर और गांव दोनों में अभूतपूर्व उत्साह का केंद्र बन गया है। कार्यकर्ता घर-घर, दुकान-दुकान पहुँचकर विनम्र भाव से आमंत्रण दे रहे हैं। संपर्क और द्वार पर मिलने वाला पत्रक सिर्फ सूचना नहीं, बल्कि समरस समाज के निर्माण का संदेश बन गया है।

### किसान आने वाले सर्दी के मौसम में रबी फसलों का पाला से करें बचाव

# अब 31 से बढ़ सकती है ठंड, पारा 8 से 10 डिग्री पर रहने का अनुमान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

दिसंबर माह के शुरू हुए एक सप्ताह बीत चुका है और ठंड ने अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए है। नगर में इन दिनो शाम होते ही ठंडी तेज हवाओं के झोंके चलना भी प्रारंभ हो गया है। इससे शहर का न्यूनतम तापमान काफी गिर गया है। जिससे आम लोगो के साथ यात्रा करने वाले मुसाफिरों की मुसीबते बढ़ गई है। वहीं मौसम विभाग के मुताबिक 31 दिसंबर व 1 जनवरी 2026 को अधिकतम तापमान 19 डिग्री व न्यूनतम तापमान 8 डिग्री होगा।

## ठंड में बच्चों और बुजुर्गों का रखें विशेष ध्यान

ठंड से पीडित मरीजों की संख्या बढ़ रही है। विषेषकर बच्चों व बुजुर्गो को ठंड से परेषानी बढ़ गई है। षिषु रोग विषेषज्ञ ने लोगो को ठंड से बचने की हिदायत देते हुए कहा कि इस मौसम में बच्चों व बुजुर्गो का विषेष ध्यान देने की जरूरत होती है। उन्होने लोगो को अधिक से अधिक बाहर निकलने से परहेज करने पर बल दिया,वही उन्होने कहा कि अगर जरूरत हो तो वे गर्म कपड़े पहन कर ही बाहर निकले। ठंड से बचाव के लिए लोगो को गर्म पानी के सेवन करने का परामर्ष दिया।

## फसलों में पाला पड़ने से करें बचाव

वहीं कृषि विभाग ने भी आने वाले समय में सर्दी से फसलों की रक्षा करने के लिए रबी फसलों को पाले से बचाने के लिए निर्देषित करते हुए कृषि विभाग के एसडीओ ने बताया कि इन दिनो फसलों में फूल बनने या बालियां बनते समय जब तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस के नीचे गिर जाता है तथा हवा रूक जाती है तो रात्रि में पाला पडने की संभावना रहती है। जिससे पौधों पर उपस्थित नमी बर्फ का रूप ले लेती है और पौधों की पोषक तत्व ग्रहण करने की क्षमता खत्म हो जाती है। जिससे पौधा धीरे-धीरे सूख जाता है। शहर में इन दिनो न्यूनतम तापमान लगभग 12 -15 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है तथा शाम के समय लगातार शीत लहर भी चल रही है। यदि तापमान का क्रम और गिरता है तो पाला पड़ने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

### फसलों की ऐसे करें सुरक्षा

1 – कृषि विभाग के बरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि जब पाला पडने की संभावना हो तब खेत में सिंचाई कर देनी चाहिए। नमीयुक्त खेत में काफी देर तक गर्मी रहती है और भूमि का तापक्रम एकदम से कम नही होता।

2 – जिस रात पाला पडने की संभावना हो उस रात में 12 से 2 बजे के बीच खेत की उत्तर–पष्चिम दिषा में खेत किनारे फसल के आसपास की मेडों पर 10–20 फुट के अंतर पर कूडा कचरा घास फूस जलाकर धुआ करना चाहिए ताकि वातावरण में गर्मी आ जाए।

3 – जब पाला पड़ने की संभावना हो उन दिनो सभी प्रकार की फसलों पर 20 से 25 किग्रा प्रति हेक्टेयर सल्फर डस्ट या घुलनषील सल्फर 3 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करने से भी पाले के असर को नियंत्रित किया जा सकता है।

4 – अगर पाला पड ही गया है तो सुबह एक लंबी रस्सी लेकर खेत के दोनो ओर दो व्यक्ति रस्सी पकड़कर इस तरह चले कि रस्सी की रगड से पौधे हिल जाएं और पौधों पर जमी बर्फ या ओस की बूंदे झड़कर गिर जाये,तो कुछ हद तक पाले के नुकसान से बचाव किया जा सकता है।

### मुनिश्री 108 दुर्लभ सागर को आईजा ने दी जानकारी

# प्रत्येक वर्ष मुनिश्री सुधा सागर महाराज के सानिध्य में पत्रकारों का होगा महाकुंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



मुनि श्री 108 दुलर्भ सागर महाराज का सिरोंज नगर में मंगल प्रवेश हुआ। इस अवसर पर दिगम्बर जैन बडें मंदिर एंव दिगम्बर जैन पचखनी मंदिर में मुनि श्री ने शांति धारा कराई। उसके पश्चात ऑईजा के प्रदेश अध्यक्ष एड राजीव जैन सैनानी ने मुनि श्री को जैन पत्रकारो के महासंगठन की जानकारी दी।

वही उन्होने बताया कि 5 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय संत मुनि श्री 108 सुधा सागर महाराज के सांदिध्य में जैन पत्रकारो के महाकुम्भ का आयोजन किया गया था। वह कार्यक्रम एक ऐतेहासिक कार्यक्रम के रूप में सफल हुआ और देश के कोने कोने से आए पत्रकारो ने मुनि सुधा सागर महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही जैन समाज का संगठित करने व जैन तीर्थो की रक्षा का संकल्प दिलाया गया था। वही सैनानी ने बताया कि पत्रकार हमारी भारत माता की भूमि के लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है। जैन समाज का एक प्रबुद्ध वर्ग है और उसमें जैन पत्रकार अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहें है समाज के मुध्दो को अपने स्तर पर उठाना हो या फिर मुख्य समाचारो को समाज में पहुंचाना अथवा समाज के कठिन समय में समाज के साथ खडें होना आशा है कि जैन पत्रकार बंधु सदैव सामाजिक कार्यो को अपनी पत्रकारिता के माध्यम से करते रहेगें। वही उन्होने बताया कि मुनि सुधा सागर महाराज का जहा जहा भी पावन वर्षा योग होगा वहा प्रत्येक वर्ष उनके सांदिध्य में आईजा के पत्रकारो के महाकुम्भ का आयोजन भी किया जाएगा। इस मौके पर पचखनी जैन मंदिर के अध्यक्ष डॉ राजीव जैन बंटी,जैन समाज के महामंत्री जितेन्द्र जैन बब्लू आदि उपस्थित रहें।

## राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश सचिव नियुक्त हुए अतीक मंसूरी



**सिरोंज।** युवा काग्रेंस के प्रदेश सचिव एंव जनपद सदस्य वरिष्ठ कांगेस नेता अतीक मंसूरी को राजीव गांधी पंचायती राज संगठन का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया। इस अवसर पर श्री मंसूरी के नियुक्ति पर उनके शुभ चिंतको ने उन्हें बधाई दी।

## कचरे से निकलने वाली बदबू से परेशान स्कूली बच्चे और शिक्षक



**सिरोंज।** ग्राम पंचायत धानौदा के ग्राम समदपुर में स्कूल के समीप पसरी गंदगी के कारण एक तरफ स्कूली बच्चें व शिक्षक परेशान है। तो वही दूसरी ओर उक्त गंदगी के कारण ग्रामीणों को भी काफी परेषानियो का सामना करना पड रहा है। ग्राम के कुछ लोगो द्वारा अपने घरों से निकलने वाले कचरे व अन्य सामग्री को स्कूल की दीवार पर डाल दिया जाता है। वही उक्त कचरें से निकलने वाले बदबू के कारण स्कूली बच्चों को कक्षा में पढाई करते समय काफी बदबू का सामना करना पडता है। वही स्कूल षिक्षको का कहना है कि ग्रामीणो द्वारा स्कूल के दीवार पर खिडकी के समीप रात्रि के समय कचरा फेंक दिया जाता है। जिससे कचरे से निकलने वाली बदबू के कारण स्कूल में बच्चों को अध्ययन कराने में काफी परेषानी होती है। विघालय के अधिकांष बच्चें तो कचरे से बदबू आने के कारण स्कूल आना भी पसंद नही करते है। वही कई बार ग्रामीणो व स्कूल षिक्षको द्वारा ग्राम पंचायत में साफ सफाई व कचरा फैकने वाले पर कार्यवाही करने की बात कही है। लेकिन कोई ठोस कार्यवाही नही होने से स्थिति जैसी की तैसी बनी हुई।

## स्मार्ट मीटर नहीं लगा तो काट दी यूनियन बैंक की बिजली

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। यहां यूनियन बैंक की बिजली केवल इसलिए काट दी गई क्योंकि बैंक प्रबंधन ने स्मार्ट मीटर लगाने के लिए सहमति नहीं दी। अचानक बिजली कटने से बैंक स्टाफ ही नहीं, बल्कि काम लेकर आए उपभोक्ता भी घंटों तक परेशान होते रहे। गढ़ाकोटा स्थित यूनियन बैंक में गुरुवार शाम बिजली विभाग की टीम पहुंची। टीम ने बैंक से स्मार्ट मीटर लगाने की बात कही, लेकिन बैंक प्रभारी मैनेजर ने बताया कि ब्रांच मैनेजर मौजूद नहीं हैं, इसलिए निर्देश मिलने के बाद ही मीटर लगाया जा सकेगा। लेकिन इस बातचीत के कुछ ही देर बाद बिजली विभाग ने बिना किसी अतिरिक्त सूचना के बैंक की लाइट काट दी। शुक्रवार सुबह जब बैंक खुला तो बिजली गुल होने के कारण स्टाफ कामकाज नहीं कर पाया। डिजिटल सिस्टम से लेकर कैश काउंटर तक सब ठप पड़ा रहा। उपभोक्ता फीस जमा कराने, पैसे निकालने और लेन-देन के लिए पहुंचेलेकिन लगभग दो से तीन घंटे परेशानी का सामना करना पड़ा। मैनेजर बैंक प्रभारी नवीन गुप्ता ने बताया कि बिजली विभाग के कर्मचारियों ने पिछली शाम धमकी दी थी कि स्मार्ट मीटर नहीं लगाओगे तो लाइट काट देंगे’ और कुछ ही देर बाद वाकई बिजली काट दी गई। जब इस संबंध में गढ़ाकोटा विद्युत मंडल के जे.ई. ओपी अग्रवाल से बात की गई, तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि माननीय न्यायालय के आदेशानुसार स्मार्ट मीटर लगाने में उपभोक्ता की सहमति आवश्यक नहीं है। उन्होंने इसे नियमों के तहत की गई कार्रवाई बताया।

## पंचायत चुनाव में मतदाता पर्ची का महत्त्व बताते हुए पंचायत निर्वाचन 2025 हेतु मतदान दलों का प्रशिक्षण संपन्न

**सागर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर के निर्देशन तथा अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश रावत की मार्गदर्शन में निर्वाचन 2025 उत्तरार्द्ध को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से, मतदान दलों के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तैयार किया गया था, जिसका मुख्य उद्देश्य मतदान प्रक्रिया के सभी पहलुओं पर मतदान कर्मियों को व्यावहारिक और सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान करना था। जिला मास्टर ट्रेनर डा अमर कुमार जैन ने बताया कि जिले में 2 जनपद सदस्य, 3 सरपंच एवं 14 पंच पद हेतु 26 मतदान केंद्रों पर चुनावी प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। अधिसूचना जारी होने के साथ ही संबंधित क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता भी लागू हुई है। मास्टर ट्रेनर डा सर्वेश्वर उपाध्याय ने प्रशिक्षण के मुख्य बिंदुओ में मतदान प्रक्रिया में उपयोग होने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और मतपेटियों प्रशिक्षण दिया गया। मतदान दिवस की प्रक्रिया मॉक पोल आयोजित करने से लेकर, वास्तविक मतदान शुरू करने, मतदाताओं की पहचान, मत देने का क्रम और मतदान समाप्त होने के बाद की सभी आवश्यक प्रक्रियाओं पर गहन जानकारी दी गई।

### आशा-ऊषा कार्यकर्ता संगठन ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

## विधायक मीणा से की प्रोत्साहन राशि में कटौती रोकने की मांग



विदिशा। विधायक सूर्यप्रकाश मीणा को ज्ञापन देकर समस्या बताते हुए कार्यकर्ताएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

पीपलखेड़ा ब्लॉक में आशा कार्यकर्ताओं की प्रोत्साहन राशि में की जा रही कटौती से नाराज आशा–ऊषा कार्यकर्ता संगठन ने गुरुवार को शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा को ज्ञापन सौंपा।

संगठन ने बताया कि ब्लॉक में 223 आशा कार्यकर्ताओं की शिशु देखभाल प्रोत्साहन राशि पिछले 3 महीनों से सुपरवाइजरों ने मनमाने ढंग से काट ली है। जबकि प्रोत्साहन राशि काटने के संबंध में किसी सक्षम अधिकारी या राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा कोई आदेश जारी नहीं किया गया।

संगठन ने ज्ञापन में बताया है बीएमओ या वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दिए बना भुगतान रोका जा रहा है। कार्यकर्ताओं ने शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा से इस संवेदनशील मुद्दे पर तत्काल हस्तक्षेप कर प्रोत्साहन राशि की कटौती बंद करवाने और लंबित भुगतान जल्द जारी कराने कि मांग की है।

## युवा कांग्रेस ने किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर



क्षेत्र के किसानों को सिंचाई एवं खेती कार्यों में लगातार बढ़ती परेशानियों से राहत दिलाने की मांग को लेकर युवा कांग्रेस कमेटी ने बस स्टैंड से रैली लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम शशि मिश्रा को कलेक्टर विदिशा के नाम एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि किसानों को यूरिया एवं डीएपी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। सिंचाई के लिए अपर्याप्त विद्युत आपूर्ति तथा कृषि कार्यों से जुड़े जोखिमों के दौरान मुआवजे की कमी जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिससे फसलों पर संकट गहराता जा रहा है। युवा कांग्रेस ने ज्ञापन में स्पष्ट किया कि किसानों को दिन में मात्र 3 घंटे और रात में 1 घंटे बिजली मिल रही है, जो सिंचाई के लिए बिल्कुल अपर्याप्त है। एनएचएआई के निर्माण कार्य के नाम से परमिट लिया जा रहा है मांग की गई कि तत्काल प्रभाव से दैनिक 10 घंटे निर्बाध बिजली उपलब्ध कराई जाए ताकि फसलों को बचाया जा सके। इसके साथ ही वन क्षेत्र में अवैध कटाई को रोकने की भी बात कही गई, जिससे पर्यावरण को नुकसान और जंगली जानवरों द्वारा फसलों की क्षति की समस्या बढ़ रही है। उन्होंने कहा है कि वन विभाग के अधिकारी पूरी तरह से निष्क्रिय है जंगलों में अवैध रूप से वृक्षों की कटाई की जा रही है। परंतु वन विभाग के अधिकारी कुंभकरण की नींद सो रहे हैं। वन माफिया हरी भरे सैकड़ों बीघा जंगलों को उजाड़ कर खेती का कार्य कर रहे हैं ।संगठन ने कृषि कार्य के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं पर उचित मुआवजा देने की भी मांग उठाई।युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आकाश शर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समस्याओं का तुरंत निराकरण नहीं किया गया तो युवा कांग्रेस किसानों के समर्थन में उग्र आंदोलन करेगी, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में पार्थ एनएसयूआई जिला अध्यक्ष,ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस अरविंद राजपूत, युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष आकाश मीणा, संतोष शर्मा, लीलाधर कुशवाहा, कमलेश शर्मा,अनीश खान मंसूरी, महेंद्र रघुवंशी आदि मौजूद रहे।

## आवास प्लस सर्वे 2024 का बड़ा अभियान शुरू 17,255 हितग्राहियों के नामों का होगा सत्यापन

**ग्यारसपुर।** जनपद पंचायत ग्यारसपुर अंतर्गत आवास प्लस सर्वे 2024 में शामिल किए गए 17,255 हितग्राहियों के नामों के सत्यापन हेतु राज्य शासन से मिले निर्देशों के बाद बड़े स्तर पर जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में जनपद की 71 ग्राम पंचायतों में चेकर अर्थात जांचकर्ता अधिकारी नियुक्त किए गए हैं ।पूर्व में सर्वे कार्य के दौरान जिन सचिवों व ग्राम रोजगार सहायकों ने हितग्राहियों के नाम जोड़े थे, उन्हें ही अब जांचकर्ता अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। आवास समन्वयक राकेश पाठक ने बताया पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से इन अधिकारियों की नियुक्ति उनकी मूल पंचायत से अलग पंचायतों में की गई है, जिससे जांच पूर्णत: निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण हो सके ।जांच अधिकारियों के सहयोग हेतु संबंधित पंचायतों के सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, पंचायत चौकीदार और कोटवार को भी ड्यूटी सौंपी गई है, ताकि सत्यापन कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा न आए। यह पूरा सत्यापन कार्य 20 दिसंबर 2025 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाना है।

### खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण परिषद का गठन

## सुभाष बोहत बने राष्ट्रीय अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

गरीब उपभोक्ताओं के शोषण, राशन वितरण में अनियमितता और अवैध वसूली पर रोक लगाने के उद्देश्य से भारतीय खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण परिषद का औपचारिक गठन किया गया है।

सर्वसम्मति से एडवोकेट सुभाष बोहत को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। परिषद ने स्पष्ट किया है कि राजनीति से इतर, गरीबों और उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा उसका प्रमुख लक्ष्य है। अध्यक्ष बोहत ने बताया कि देशभर के कई राज्यों में गरीबों का राशन खुलेआम बेचा जा रहा है। कई स्थानों पर राशन कार्ड गिरवी रखवा लिए जाते हैं, पात्र परिवारों को पूरा अनाज नहीं मिलता और वजन में कटौती व भ्रष्टाचार चरम पर है। शिकायतों के बावजूद विभागीय कार्रवाई नगण्य है, जिससे अनुच्छेद 21 के राइट टू फूड का सीधे उल्लंघन होता है।

उन्होंने कहा कि आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धाराओं के तहत राशन की कालाबाज़ारी व गलत वितरण दंडनीय अपराध है। दोषियों पर FIR, संपत्ति कुर्की और लाइसेंस निरस्तीकरण तक की कार्रवाई के लिए परिषद कानूनी सहायता तथा राष्ट्रीय शिकायत निवारण हेल्पलाइन शुरू करेगी।

### राशन बढ़ाया जाए

परिषद ने केंद्र और राज्यों से मांग की है कि राशन कार्ड धारकों को मिलने वाला गेहूं, चावल, चना और चीनी बढ़ाई जाए तथा तेल, साबुन, नमक और मसाले जैसी आवश्यक रसोई सामग्री भी उपलब्ध कराई जाए।

**जाहिर सूचना**

मेरे पक्षकार श्री बाबूलाल जी विश्वकर्मा, श्री कमलसिंह जी विश्वकर्मा, श्री रमेश जी विश्वकर्मा पुत्रगण स्व. श्री कन्हैया लाल जी विश्वकर्मा निवासीगण ग्राम आदमपुर तहसील व जिला विदिशा की ग्राम आदमपुर तहसील व जिला विदिशा के पटवारी हलका नंबर 90 की भूमि खसरा नंबर 58/4 पर एक दीवानी वाद माननीय षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश श्रीमति श्रद्धा पाण्डे जी के प्रकरण क्रमांक 81/2025 बाबूलाल आदि वनाम शोएव खां आदि के नाम से विचाराधीन है, जिसकी विविध अपील भी माननीय उच्च न्यायालय मध्य प्रदेश खण्डपीठ ग्वालियर में प्रकरण क्रमांक एम.पी. 6682/2025 बाबूलाल आदि वनाम शोएव खां आदि के नाम से गतिशील है। मेरे पक्षकारगण को सूचना प्राप्त हुई है, कि प्रतिवादी शोएब खां पुत्र श्री गोहर खां निवासी गवोई पुरा मस्जिद के पास रायसेन म.प्र. उक्त विवादित भूमि को बाला बाला धोखाधड़ी से विक्रय करना चाहता है, ऐसी स्थिति में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि उक्त भूमि को क्रय न करें अन्यथा इसके परिणामों की जिम्मेदारी स्वय क्रेता की होगी।

भवदीय **धर्मेन्द शर्मा** एडवोकेट
पंचवटी लालापुरा विदिशा म.प्र.

### भारतीय मजदूर संघ के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया

# बलिदान दिवस को स्वदेशी दिवस के रूप में मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा




भारतीय मजदूर संघ के तत्वावधान में हुतात्मा बाबू गेनू बलिदान दिवस को स्वदेशी दिवस के रूप में मनाया।

व्याख्यानमाला होटल में आयोजित हुई जिसमें भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख महेंद्र सोनी ने कहा कि बाबू गेनू मुंबई के साधारण मजदूर थे उन्होंने स्वदेशी के लिए अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया स्वदेशी के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग करने वाले देश के पहले वह एकमात्र आत्म बलिदानी थे,बाबू गेनू का पुणे जिले के छोटे से गांव में उनका जन्म 1908 में हुआ था बाबू का परिवार अत्यंत गरीब किसान का था पिता की मृत्यु के पश्चात उनकी मां मुंबई आ गई और एक कपड़ा मिल में काम करने लगी। मां जिस मिल में काम करती थी वही बाबू गेनू को भी काम मिल गया छुट्टी के दिनों में अपने मित्र पहलाद से मिलने जाते थे। उनका मित्र पहलाद उन्हें देशभक्ति की बातें सुनाता था वह आंदोलन में भी भाग लेता था। धीरे-धीरे बाबू गेनू के मन में आंदोलन में भाग लेने की रुचि उत्पन्न होने लगी। इसी बीच उनका संपर्क राष्ट्रीय विचारधारा के एक शिक्षक से हुआ। शिक्षक ने उनके हृदय में देशभक्ति की आग भर दी।

वे राष्ट्रीय आंदोलनों में भाग लेने लगे। महात्मा गांधी जी के नमक सत्याग्रह में भाग लेने के कारण जेल गए। दूसरी बार आंदोलन में भाग लेने के कारण 6 मास का कारावास की सजा सुनाई। जेल से लौटने के बाद वे घर घर जाकर स्वदेशी के प्रचार में जुट गए। वह कांग्रेस के सक्रिय सदस्य हो गए थे।



## अटारीखेजड़ा में विधायक टंडन ने की जनसुनवाई

**विदिशा।** महीने के दूसरे शुक्रवार को होने वाली विधायक मुकेश टंडन की जनसुनवाई इस बार ग्राम अटारीखेजड़ा में आयोजित हुई। जनसुनवाई में आमजन अपनी समस्याओं को लेकर विधायक को आवेदन दिए। कुल 23 आवेदन जनसुनवाई में आए। जिनका निराकरण किया गया। इस दौरान एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ समेत अधिकारी उपस्थित रहे।

**आवश्यकता**

ऑफिस कार्य के लिए लड़का / लड़की की जरूरत है।
टाइम - सुबह 10.30 से शाम 5.00 बजे तक
नोट:- कंप्यूटर का बेसिक नॉलेज चाहिए
सैलरी योग्यता अनुसार।

पता:- कामधेनु गार्डन के पास सांवरिया कंपलेक्स विदिशा मध्यप्रदेश, 9131897653

बड़े पैमाने पर अवैध फैक्ट्री में बना रहे थे शराब, 3 जिले की आबकारी टीम ने की छापामारा कार्रवाई

# सोम डिसलरी का ब्रांड लगाकर बना रहे थे बड़ी मात्रा में नकली शराब, 700 पेटी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले की तहसील बेगमगंज के अंतर्गत आने वाले थाना सुल्तानगंज के समीप ग्राम चांदौड़ा में तीन जिलों की आबकारी विभाग की टीम एवं पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब की फैक्ट्री पकड़ने में बड़ी सफलता हासिल की है।

शुक्रवार को जिला आबकारी सहायक आयुक्त दीपक अवस्थी के मार्गदर्शन में तीन जिलों रायसेन, विदिशा एवं भोपाल की आबकारी विभाग की टीम के 80 अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा सुल्तानगंज थाना प्रभारी श्यामराज सिंह और पुलिसबल द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम चांदौड़ा में रुद्रप्रताप सिंह चंदेला पिता बहादुर सिंह उर्फ मुन्ना राजा एवं देवराज बुंदेला पिता रघुराज सिंह के रिहायशी मकान को घेरकर संयुक्त छापामार कार्रवाई की गई।

अवैध शराब बनाने की इस फैक्ट्री में बड़े पैमाने पर अवैध शराब का उत्पादन किया जा रहा था। इसके अलावा, शराब बनाने में उपयोग होने वाला बारदाना और कई कच्चा माल अन्य सामग्री भी जब्त की गई है। आबकारी विभाग को मौके से 700 पेटी अवैध शराब मिली है।

छापामार कार्रवाई के दौरान अड़चन डालने वाले 4 व्यक्ति सूर्यप्रताप सिंह बुंदेला, दीपक लोधी, आदर्श शाह एवं रविकांत नरवरे को गिरफ्तार किया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

**» रायसेन सहित विदिशा और भोपाल की आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने की छापामार कार्रवाई**



**» आरोपियों द्वारा सोम डिसलरी ब्रांड के नाम से बड़ी मात्रा में अवैध शराब बनाकर सागर एवं जबलपुर में बेची जाती थी**



### छापामार कार्रवाई में जब्त की गई सामग्री

छापामार कार्रवाई में आबकारी पुलिस ने 700 पेटी अवैध शराब, 200 लीटर एवं 50-50 लीटर के 4 ड्रम में शराब बनाने के लिए रखी 400 लीटर स्प्रिट एवं 50-50 लीटर के 80 खाली ड्रम, लेबिल छपाई वाले गत्ते, 500 एमएल नकली कैरेमल कलर, दो पिकअप भरकर खाली वारदाना, स्प्रिट और सोम डिसलरी का पॉवर ब्रांड, शराब बनाने वाली सामग्री भारी मात्रा में स्टॉक में रखी जब्त की है। उक्त मदिरा एवं वाहन का अनुमानित कीमत लगभग 41 लाख 96 हजार रूपए आंकी गई है।

### मांस किया जब्त

दूसरी छापामारी कार्रवाई में वन विभाग की टीम ने रेंजर अरविंद अहिरवार के नेतृत्व में मुन्ना राजा के घर की तलाशी लेकर दो बर्तन में रखा हुआ वन्यप्राणी का कटा हुआ 4 किलोग्राम मांस भी जब्त किया है। जिसका सैंपल जांच के लिए जबलपुर भेजा जा रहा है।

युवक ने भाग कर बचाई अपनी जान

## बकरिया चरा रहे युवक पर तेंदुआ ने किया हमला, गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज



जंगल में बकरियां चरा रहे एक युवक पर घात लगाए बैठे तेंदुए ने हमला कर दिया, जिससे युवक बुरी तरह घायल हो गया। घायल युवक का उपचार सिविल अस्पताल सांची किया गया। वहीं तेंदुए ने 3 बकरियों का भी शिकार किया।

जानकारी के अनुसार सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम केमखेड़ी के जंगल में 38 वर्षीय पवन लोधी पिता मांगीलाल अपनी बकरियों को चराने ले गया था, तभी झाड़ियों में छिपा बैठा तेंदुआ ने बकरियों पर हमला कर दिया। पवन ने बकरियों को बचाने की कोशिश की तो तेंदुआ ने पवन पर हमला कर दिया। युवक पवन ने बामुश्किल अपनी जान बचाकर गांव की तरफ भगा तब जाकर जान बच पाई। ग्रामीण इकट्ठा होकर पहुंचे तो तब तक तेंदुआ तीन बकरियां का शिकार कर चुका था।

### तेंदुए का लगातार बना है मूवमेंट

*घायल युवक पवन के भाई पूरन सिंह ने बताया कि मेरा भाई पवन सुन और बोल नहीं सकता है। ग्रामीणों द्वारा सूचना देने पर घटना स्थल पर वन विभाग के कर्मचारी पहुंचे। इससे पहले भी तेंदुआ ने दो बार बकरियां पर हमला कर चुका है। गांव के जंगल में तीन तेंदुआ है, जिनका मूवमेंट लगातार बना रहता है।*

धूमधाम से निकलेगी कलश शोभायात्रा

## मानस सत्संग भवन में आज से भागवत कथा ज्ञान यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

मानस सत्संग भवन में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ आज शनिवार से हो रहा है। 19 दिसंबर तक प्रतिदिन कथा व्यास आचार्य राजेश रावत द्वारा भागवत कथा के प्रमुख कथा प्रसंग श्री कृष्ण की बाल लीला का वर्णन कर धार्मिक श्रद्धालुओं को भगवान की भक्ति आराधना का संदेश दिया जाएगा।




नगर की परंपरा अनुसार आज शनिवार को प्राचीन श्रीजी मंदिर से धूमधाम के साथ नगर के प्रमुख मार्गों पर कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी नगर के व्यापारी तुलसीराम पटवा परिवार के द्वारा सात दिवसीय कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन नगर के सामाजिक धार्मिक संगठनों के सहयोग से किया जा रहा है।

शोभा यात्रा का विश्राम नगर भ्रमण के बाद कथा स्थल मानस सत्संग भवन पर होगा। पटवा चंदेल परिवार, हिंदू उत्सव समिति, मानस मंडल इत्यादि के द्वारा सभी धर्म प्रेमियों महिलाशक्ति से अधिकाधिक संख्या में कलश शोभा यात्रा में सम्मिलित होने एवं प्रतिदिन कथा श्रवण की अपील की है। 19 दिसंबर को कथा ज्ञान यज्ञ का समापन भोजन प्रसादी का कार्यक्रम रखा गया है।

### खबर संक्षेप

#### जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक आज

**रायसेन।** राज्य सरकार कार्यकाल के दो वर्ष पूरे होने तथा इस अवसर पर राज्य शासन द्वारा प्रदेश और जिले के विकास के लिए किए गए प्रयासों/उपलब्धियों से अवगत कराने एवं आगामी कार्ययोजना पर विचार विमर्श करने जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक आज 13 दिसंबर को सुबह साढ़े 10 बजे जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

#### पठापौड़ी में विराट श्रीमद् भागवत कथा 21 से शुरू

**सिलवानी।** अंचल के ग्राम पठा पौड़ी में आध्यात्मिक विराट श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन 21 से 27 दिसंबर तक किया जा रहा है। यह दिव्य आयोजन पटेल मुन्ना सिंह रघुवंशी, पटेल सुनील सिंह रघुवंशी एवं उनके परिवार द्वारा श्रद्धापूर्वक आयोजित किया है। कथा का वाचन श्री वृंदावन धाम के प्रसिद्ध कथा व्यास पंडित कृष्णकांत शास्त्री द्वारा प्रतिदिन दोपहर 1 से 5 बजे तक किया जाएगा। आयोजन के प्रथम दिन 21 दिसंबर को प्रसिद्ध सिद्ध स्थल श्री सौजनी धाम से विशाल शोभा यात्रा वाहन रैली के रूप में निकाली जाएगी।

#### बालिकाओं को पॉक्सो एक्ट की दी जानकारी

**रायसेन।** जिले के शासकीय कन्या विद्यालय बेगमगंज में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं बाल संरक्षण संबंधी महत्वपूर्ण कानूनों की जानकारी देना रहा। बालिकाओं को बाल विवाह रोकने संकल्प दिलाया।

## ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत, परिजनों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले के देवनगर थाना क्षेत्र के तहत एक ट्रेक्टर चालक ने बाइक सवार दो युवकों में टक्कर मार दी, जिससे एक युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। गुस्साए परिजनों एवं ग्रामीणों ने देवनगर थाने का घेराव कर थाने के सामने भोपाल-सागर मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलते ही एसडीएम सरोज अग्निवंशी, एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचकर समझाइश दी।

जानकारी के अनुसार, यह घटना गुरुवार रात करीब साढ़े छह से 7 बजे महलपुर पाठा के पास हुई। जहां बाबई गांव के दो युवक गोविंद 24 वर्ष और दीनू उम्र 20 वर्ष अपनी



बाइक से महलपुर पाठा से अपने गांव बाबई लौट रहे थे। तभी सामने से आ रहे एक तेज़ रफ़्तार ट्रैक्टर, जिसे ऋषभ पाल निवासी महलपुर पाठा चला रहा था, ने बाइक सवारों को ज़ोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कारण गोविंद अहिरवार उम्र 24 वर्ष की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दीनू गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल दीनू को देहगांव अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रायसेन जिला अस्पताल में रेफर किया गया।

शुक्रवार को सुबह साढ़े 11 बजे भीड़ ने देवनगर थाने के सामने जाम लगा दिया। एसडीएम सरोज अग्निवंशी ने बताया कि फिलहाल मृतक के परिजनों को तात्कालिक सहायता राशि 5 हजार रूपये दी है।

### थाने का किया घेराव, फिर सड़क पर किया चक्काजाम

घटना के बाद आरोपी ट्रैक्टर चालक ऋषभ पाल मौके से फरार हो गया। शुक्रवार दोपहर तक आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज न होने और गिरफ्तारी न होने से आक्रोशित मृतक गोविंद अहिरवार के परिवार और ग्रामीणों ने दोपहर 12 बजे देहगांव थाने के सामने मृतक का शव रखकर भोपाल-सागर मुख्य सड़क मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम करीब तीन घंटे से अधिक समय तक चला, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं।

**इनका कहना है**

ट्रैक्टर बाइक भिड़ंत के मामले में दोषी व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में जिन लोगों ने लापरवाही बरती है उनके खिलाफ भी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**- आलोक श्रीवास्तव,** एसडीओपी बेगमगंज

## बाड़ी के 37 राजस्व हल्कों में 27 पटवारी निभा रहे जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी

**» *दो नायब तहसीलदार और राजस्व निरीक्षक के पद खाली, तीन-चार महीनों से बनी हुई है स्थिति***

**» *किसानों और आम जनता के कामों पर पड़ रहा असर, समय पर नहीं हो पा रहे काम***

आम जनता और किसानों के सर्वाधिक कार्य तहसील से ही प्रारंभ होते हैं। वहीं राजस्व एवं किसान संबंधी कामों की शुरुआत पटवारी के माध्यम से ही होती है, लेकिन जब पटवारी की ही कमी होगी तो किसान और आम जनता के कार्य समय पर कैसे संभव हो सकते हैं।

ऐसे ही हालात जिले की बाड़ी तहसील के है, जो कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का गृह क्षेत्र है। पूर्व मंत्री और विधायक सुरेंद्र पटवा हैं। उनके क्षेत्र की तहसील के पटवारियों और नायब तहसीलदारों की कमी के चलते लोग परेशान हो रहे हैं।

जानकारी अनुसार बाड़ी तहसील अंतर्गत 37 हल्के निर्धारित हैं, जिन पर मात्र 27 पटवारी को जिम्मेदारी दी गई है। पटवारियों पर अधिक भार पड़ने से वह समय पर कार्य पूर्ण नहीं कर पाते हैं, जिससे आमजन को बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। तहसील में तीन सर्किल हैं, जिसमे तहसीलदार के कोर्ट लगते हैं और वह पद भी 2 नायब तहसीलदार के 3-4 महीनों से खाली हैं। इसी के साथ राजस्व निरीक्षक का भी स्थानांतरण हो गया है।




इसी के साथ दो महिलाएं कर्मचारी मातृत्व अवकाश पर गई हुई है। खाली पदों पर स्थापना को लेकर जिम्मेदारों को ध्यान देना चाहिए, जिसे लोगों के समय पर कार्य पूर्ण हो सकेंगे।

### तीन सर्किल में दो नायब तहसीलदार के पद पड़े खाली

तहसील बाड़ी में 3 सर्किल के अनुसार दो नायब तहसीलदारों के पद खाली हैं मात्र एक ही तहसीलदार विक्टर रोड्रिग्स प्रभारी के तौर पर अपना कार्य संभाले हुए हैं और उन्हें भी दो नायब तहसीलदारों का भार झेलना पड़ रहा हैं अगर दो नायब तहसीलदारों की पदस्थापना हो जाए तो प्रभारी तहसीलदार को भी निजात मिल सकेगी और समय पर राजस्व कोट और सुनवाई समय पर हो सकेगी।

### 37 हल्कों पर मात्र 27 पटवारी

जमीनी संबंधी कामकाज के कार्यों को लेकर किसान और आम जनमानस को तहसील से अधिक कार्य पड़ता है। वही बाड़ी तहसील में 37 हल्कों पर मात्र 27 ही पटवारी है अगर देखा जाए तो एक हल्के पर एक पटवारी हो तो कार्य समय पर पूर्ण होंगे और पटवारी पर अधिक भार भी नहीं पड़ेगा।

वर्तमान स्थिति में 37 हल्कों की 27 पटवारी अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। अधिक भार पड़ने के कारण वह समय पर कार्य पूर्ण नहीं कर पाते हैं जिसका खामियाजा किसान और आम जनता को भुगतना पड़ता है।

### *केंद्रीय मंत्री नहीं दे रहे ध्यान, पद खाली*

*पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के संसदीय क्षेत्र बाड़ी तहसील में पदों की स्थापना की चर्चा निरंतर तेजी से जारी है। केंद्रीय मंत्री के क्षेत्र की बाडी तहसील में दो नायब तहसीलदार एक राजस्व निरीक्षक और पटवारी की कमी के चलते किसान और आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारी कर्मचारी भी मजबूरी में समय पर कार्य पूर्ण नहीं कर पा रहे हैं। कारण है कि स्टाफ की कमी अगर स्टाफ पूर्ण हो जाएगा तो लोगों को सुविधा अनुसार समय पर कार्य पूर्ण हो सकेंगे। लेकिन कहीं ना कहीं केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का इस और कोई भी ध्यान नहीं है हालांकि यह उनका गृह क्षेत्र है अगर वह मामले में ध्यान देते हैं तो किसान और आम जनता को निजात मिल सकेगी।*

**इनका कहना है**

हमारे द्वारा कलेक्टर महोदय को अवगत करा दिया है, जो पद खाली हैं उसके बारे में जानकारी दे दी है और उनसे स्टाफ के संबंध में भी निवेदन किया है।

**- विक्टर रोड्रिग्स,** प्रभारी तहसीलदार बाड़ी।

**इनका कहना है**

भाजपा सरकार में आमजन और किसान बेहद परेशान है, उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। विभागों में बाबू और कर्मचारियों की कमी लगातार बनी हुई है। कई जगह प्रभारी अधिकारियों के भरोसे कार्यालय चल रहे हैं। क्षेत्र के सांसद शिवराज सिंह चौहान को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

**- इरफान जाफरी,** प्रमुख, किसान जागृति संगठन रायसेन।

## नगर के सांदीपनि विद्यालय में हुआ ऊर्जा संरक्षण शपथ समारोह

**बाड़ी।** नगर के सांदीपनि विद्यालय में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स एवं विद्यार्थियों ने ऊर्जा संरक्षण की शपथ ग्रहण की। शपथ का नेतृत्व विद्यालय के एनसीसी अधिकारी फर्स्ट ऑफिसर एसआर मालवीय ने किया। उन्होंने कैडेट्स, छात्रों एवं समस्त स्टाफ को ऊर्जा संरक्षण के महत्व से अवगत कराते हुए बताया कि ऊर्जा का जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग ही पर्यावरण सुरक्षा तथा राष्ट्र की उन्नति का आधार है। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सुमन तिवारी ने उपस्थित सभी को ऊर्जा बचत को जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।

संस्थाओं ने किया बिदुआ का स्वागत सम्मान, पत्रकारों व नागरिकों में भारी हर्ष

## वरिष्ठ पत्रकार बिदुआ बने जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित हुई रायसेन जिला विकास सलाहकार समिति में जिले के वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ को सदस्य मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति से पत्रकार, व्यापारी, सामाजिक संस्था, शैक्षणिक-साहित्यिक संस्थाओं एवं जनप्रतिनिधियों में हर्ष बना हुआ है।

हिंदू उत्सव समिति, निराला समिति, व्यापारी संघ के अध्यक्ष द्वारा निवास पर पहुंचकर श्री बिदुआ का स्वागत और सम्मान किया। सदस्य बनाए जाने के बाद से ही बधाई देने का सिलसिला बना हुआ है।

वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ 1970 से पत्रकारिता में सक्रिय बने हुए हैं। उन्होंने 1975 में आपातकाल के दौरान जेल यात्रा भी की। 1984 में बिदुआ को आंचलिक पत्रकारिता का राज्य स्तरीय पुरस्कार भी प्रदान किया गया। जिला पत्रकार संघ के वर्षों तक अध्यक्ष का दायित्व भी निभाया। 1995 से 2000 तक नगर पंचायत के पार्षद उपाध्यक्ष रहकर सक्रिय राजनीति की



विधानसभा संगठन प्रभारी भी रहे। सरस्वती शिशु मंदिर के संस्थापक अध्यक्ष हिंदू उत्सव समिति के संस्थापक और निराला समिति के संरक्षक के रूप में सक्रिय बने हुए हैं। पिछले 50 वर्षों से समाचारों के माध्यम से नगर क्षेत्र के विकास के लिए और विभिन्न समस्याओं को विभिन्न मंचों पर उठाने और अपनी कलम से जीवन धारदार बनाकर समाधान का प्रयास करने भी सक्रिय बने हुए हैं।

### किया स्वागत व सम्मान

वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी श्री बिदुआ को जिला विकास सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किए जाने पर श्री निराला समिति, हिंदू उत्सव समिति, व्यापारी संघ के पदाधिकारी सदस्यों ने उनके निवास पर पहुंचकर उनका स्वागत सम्मान किया गया। समिति के अध्यक्ष साहब सिंह धाकड़, सचिव अवध नारायण सक्सेना, भगवानदास राठी, महेंद्र भावसार, सईद पठान, कवि प्रेम नारायण साहू, अनूप जैन, हिंदू उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम पालीवाल, व्यापारी संघ के अध्यक्ष हीरेंद्र मालवीय, विधायक प्रतिनिधि राजेश साहू, मनोज राजपूत द्वारा पुष्प मालाओं शाल श्रीफल भेंट कर स्वागत सम्मान किया।

नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, नंदकिशोर चाडक, अजीत धारीवाल, खालीद ठेकेदार, हिमकर उपाध्याय, कर्मचारी नेता किशोर सिंह ठाकुर, हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष दिनेश बबेले, शिवपाल सिंह राजपूत एड., संजय शर्मा, राजीव तारण, राजेंद्र धाकड़, पवन सिलावट, मुकेश प्रजापति, प्रदीप धाकड़, संतोष मालवीय, मधुर राय, अरशद मसूद, अंसार पटेल, अंकित तिवारी, कमल याज्ञवल्य आदि प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई शुभकामनाएं दी।

### *क्षेत्र की समस्याएं राज्यमंत्री पटेल के साथ मिलकर समिति के माध्यम से सरकार तक पहुंचाने का करेंगे प्रयास : बिदुआ*

*जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य सुरेश बिदुआ ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र का नेतृत्व युवा विधायक राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल द्वारा किया जा रहा है। नर्मदा क्षेत्र में अनेक समस्याएं जिनका समाधान राज्यमंत्री पटेल के साथ मिलकर जिला विकास सलाहकार समिति के माध्यम से प्रदेश सरकार तक पहुंचाने का प्रयास होगा। एक जिला एक उत्पाद योजना के अंतर्गत कृषि आधारित उद्योग धंधे स्थापित करने ग्रामीण बेरोजगारी की समस्या को दूर करने उद्योग विहीन नर्मदा क्षेत्र में छोटे बड़े उद्योगों की स्थापना जरूरी है। आवारा पशुओं की समस्या नर्मदा घाटों का निर्माण के साथ बरेली को जिला एवं विकासखंड बनाकर क्षेत्र का तेजी से विकास होगा।*

उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

## कुशवाहा समाज व ओबीसी महासभा ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

ओबीसी महासभा व कुशवाहा समाज ने पोहरी विधान सभा क्षेत्र के विधायक कैलाश कुशवाह के साथ गोली गलौंच कर जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी प्रभात रावत पुत्र करण सिंह निवासी ग्राम पंचायत सिंह पर पुलिस प्रशासन के द्वारा कार्रवाही ना किए जाने से आक्रोषित होकर मुख्यमंत्री के नाम शुक्रवार को तहसीलदार को पृथक पृथक ज्ञापन सौंपें।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया है कि 9 दिसंबर को ग्राम गडरौली थाना बेहट स्थित ओबीसी महासभा के किसान नेता मूलचंद्र कुशवाहा पर जातिवादी राहुल शुक्ला तथा अन्य साथियों के द्वारा देश कटटे से प्राण धातक हमला किया। लेकिन आरोपियों उपर गैर जमानती धाराओं में प्रकरण दर्ज नही किया। ना ही आरोपियो को गिरफ्तार ही किया गया है। घटना के बाद से मूलचंद्र कुशवाहा के परिजनो में भय बना हुआ है। ज्ञापन में मांग की गई है कि विधायक कैलाश कुशवाहा तथा मूल चंद्र कुशवाहा के साथ अपराधिक धटना को अंजाम देने वाले आरोपियो को तत्काल ही गिरफ्तार किया जावे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं सोनू गौड आयु 21 साल आत्मज इंदराज सिंह जाति गौड निवासी खमारिया खुर्द पोस्ट आमापानी तहसील सिलवानी जिला रायसेन म.प्र का निवासी होकर सर्वसधारण को सूचित करता हूं कि मेरे जन्म प्रमाण पत्र का पंजीयन क्रमाक B20552314241000000038 तथा समग्र परिवार आईडी कार्ड (28760528) में मेरा नाम सोनू है। जबकि आधार कार्ड क्रमाक 737850444284 में त्रृटिवश सुरेश कुमार पिता इन्द्राज सिंह दर्ज हो गया है। लेकिन वास्तविक नाम सोनू गौड ही है। मुझे सोनू गौड के नाम सी जाना, पहचाना जावें ।